# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# आदर्श प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक आकलन
# हिंदी - कक्षा 4
# सत्र 2026-27

**निर्धारित समय:** 2 घंटे **अधिकतम अंक: 50**

**निर्देश**:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
- कृपया जाँच कर लें कि इस कार्य पत्रक में 04 मुद्रित पृष्ठ हैं |
- छात्रों को कार्यपत्रक समझाने हेतु अध्यापक को 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है, इस अवधि में छात्र केवल कार्यपत्रक को समझेंगे एवं उत्तर लिखना प्रारंभ नहीं करेंगे |
- कार्यपत्रक में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के आगे उनके लिए निर्धारित अंक लिख दिए गये हैं|

---

**प्रश्न 1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए -** **(0.5x10=5)**

**(i) हमारा देश किनकी तपोभूमि है ?**

(क) वीरों की

(ख) देवों की

(ग) ऋषियों की

**(ii) चिड़िया खेतों से क्या लाती है ?**

(क) तिनका

(ख) दाना

(ग) पानी

**(iii) सहदेव को रास्ते में देर क्यों हो गई ?**

(क) नेत्रहीन को रास्ता बताने के कारण

(ख) खेलने के कारण

(ग) दोस्तों के साथ घूमने के कारण

**(iv) सहदेव ने जमीन पर क्या पटका ?**

(क) किताब

(ख) कैंची

(ग) पत्थर

**(v) सहदेव को चपत किसने लगाई ?**

(क) बाक्सर ने

(ख) डॉक्टर ने

(ग) मास्टर ने

**(vi) कमरे के तख्त पर क्या बिछी थी ?**

(क) दरी

(ख) चटाई

(ग) चादर

**(vii) धामपुर के लोगों का मुख्य काम धंधा क्या था?**

(क) सिलाई- बुनाई

(ख) खेती- किसानी

(ग) रंगाई- पुताई

**(viii) अब्दुल हमीद की क्या इच्छा थी ?**

(क) सैनिक बनना

(ख) डॉक्टर बनना

(ग) खेती करना

**(ix) पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब पर कब हमला किया था ?**

(क) सितम्बर 1975

(ख) सितम्बर 1965

(ग) सितम्बर 1985

**(x) गाजीपुर किस प्रदेश में है ?**

(क) मध्य प्रदेश

(ख) बिहार

(ग) उत्तर प्रदेश

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - (1x4=4)**

(i) उपजत - ---------------------------------

(ii) परिहरू - -------------------------------------

(iii) संजोग - -------------------------------------

(iv) बिटप - -------------------------------------

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)**

(i) अब्दुल हमीद के परिवार का मुख्य पेशा क्या था?

(ii) नीच व्यक्ति किस चीज का त्याग नहीं करता है?

(iii) शिवाजी के माता का क्या नाम था ?

(iv) बाया अण्डों को कहाँ सेयेगी ?

(v) शास्त्री जी की पहली गुरु कौन थी ?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में लिखिए – (2x5=10)**

(i) देश की निधियाँ किसे कहा गया है ?

(ii) सलोनी दूसरों की मदद कैसे करती थी ?

(iii) बया अपना घोंसला हमेशा ऊँचे स्थान पर ही क्यों बनाती है ?

(iv) अब्दुल हमीद सेना में क्यों भरती होना चाहते थे ?

(i) दूसरों के साथ मधुर वाणी न बोलने पर क्या परिणाम होगा ?

**प्रश्न 5. 'तुलसीदास के दोहे' नामक पाठ से दो दोहे लिखिए-** **(4)**

**प्रश्न 6 . निम्नलिखित दिए गये शब्दों को रिक्त स्थान में लिखकर वाक्य पूरा कीजिए–** **(1x4=4)**

**सुख उपजत, महल, निगरानी, प्राचीन**

(i) तुलसी मीठे वचन ते,---------------- चहुँ ओर |

(ii) तिनके लाकर ------------- बनाती |

(iii) कर लेंगे उनकी ----------- |

(iv) अति--------देश यह प्यारा |

**प्रश्न 7. अपने क्षेत्र में उड़ने वाले किन्हीं दो पक्षियों के नाम और उनके भोजन का नाम लिखिए-** **(2)**

**प्रश्न 8 . निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–** **(0.5x4=2)**

(i) प्रभावित - --------------------

(ii) योग्य - ---------------------

(iii) युद्ध - --------------------

(iv) आसान - --------------

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए-** **(0.5x4=2)**

(i) सैनीक - ---------------

(ii) पुश्तैनी - ------------------

(iii) चिनता - ----------------

(iv) जीज्ञासा- ---------------

**प्रश्न 10 . 'सु' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए–** **(1x2=2)**

**प्रश्न 11 . निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के साथ उपयुक्त विशेषण लगाइए-** **(0.5x4=2)**

(i) लकड़ी - --------------------------

(ii) पानी - --------------------------

(iii) खेत - ------------------------------

(iv) नहर - --------------------------

**प्रश्न 12 . स्तम्भ (क) का मिलान स्तम्भ (ख) से कीजिए-** **(0.5x4=2)**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (1) निधि | अनोखा |
| (2) जग | हिमालय |
| (3) हिमगिरी | खजाना |
| (4) न्यारा | संसार |

**प्रश्न 13 . निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए–** **(1x2=2)**

(i) गाय / का / काली / दूध / आज / लाया / हूँ

(ii) यह / नाड़ियों / की / शरीर / का / काम / तो / है

**प्रश्न 14 . निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची लिखिए-** **(1x2=2)**

(i) हिमालय - ------------- ----------------

(ii) पानी - ------------------ --------------

**प्रश्न 15 . अनुनासिक का प्रयोग कर चार शब्द लिखिए–** **(0.5x4=2)**